संख्या-4/2015/1950/49-1-14-5(13)14

प्रेषक,

शैलेश कृष्ण,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निबन्धक,
सहकारिता विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ।

सहकारिता अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक 22 जनवरी, 2015

विषय- उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 लखनऊ में श्रेणी-3 के रिक्त पदों पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने कार्यालय पत्रांक-3091/अधि0-3/भर्ती-स्वी0 दिनांक 05 दिसम्बर, 2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0, लखनऊ में श्रेणी-3 के निम्नलिखित सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती करने हेतु कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या-20/1/91-का-2-2012 दिनांक 15-03-2012 जिसमें भर्तियों पर रोक लगायी गयी है, से छूट प्रदान की जाती है:-

श्रेणी-3

क- सहायक फील्ड आफीसर	**499 पद**
ख- सहायक शाखा आंकिक/अवर लिपिक	**528 पद**
कुलयोग	**1027 पद**

3- प्रश्नगत पदों पर भर्ती के संबंध में आवश्यक कार्यवाही संस्था की आर्थिक स्थिति/संसाधनों के दृष्टिगत न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965/उ0प्र0 सहकारी समिति नियमावली, 1968 में दी गयी व्यवस्था/प्रक्रिया का अनुसरण करते हुये सुनिश्चित की जाये तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये कि इस प्रक्रिया में राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार न आये।

4- कृपया तद्नुसार प्रकरण में नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अग्रेतर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शैलेश कृष्ण)
प्रमुख सचिव।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-1950(1)/49-1-14 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0,लखनऊ।

2- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2/कार्मिक अनुभाग-2

3- सहकारिता अनुभाग-2

आज्ञा से,

(शोभ नाथ बिन्द)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।